हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ७ अंक ३५२ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० १५ जून २०२३ दिन गुरूवार गाजीपुर/वाराणसी

# बुधवार पूर्वांचल के लिए रहा ब्लैक डे, गंगा व गंडक में डूबने से कुल 9 की मौत

## प्रयागराज गंगा में 3 को बचाने में चार डूबे, देवरिया की गंडक में एक को बचाने में 7 डूबे 5 की मौत





प्रखर देवरिया। जिले के तरकुलवा क्षेत्र में छोटी गंडक नदी में स्नान करने गई चार महिलाएं और दो युवक डूब गए। हादसे में तीन महिलाओं सहित पांच लोगों की मौत हो गई। एक कशिोरी की हालत गंभीर है, जसिे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ सिटी एस त्रिपाठी ने बताया कि गंडक नदी में डूबने से पांच लोगों की मौत हुई है। इसमें तीन महिला और दो युवक शामिल हैं। एक किशोरी की हालत गंभीर है, जिसका उपचार किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, तरकुलवा क्षेत्र की पचरुखिया कंचनपुर की रहने वाली आशिया पत्नी मजहर अंसारी और रामपुर अवस्थी गांव की रहने वाली आशिया खातून पत्नी महमूद, सकीना पत्नी सहाबुददीन के अलावा पचरुखिया गांव के रहने वाले टिंकू अंसारी, जीशान पुत्र अजीजुद्दीन के साथ एक बालिका नदी में स्नान करने गई थी। अचानक नदी की धारा में चले जाने से सभी डूबने लगे। इस दौरान नदी तट के किनारे मौजूद एक व्यक्ति ने शोर मचाना शुरू किया। आसपास के लोग वहां पहुंच गए और आनन–फानन में नदी में कूदकर डूब रही महिलाओं और युवक को बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक तीन महिला और दो युवकों की मौत हो चुकी थी। एक किशोरी को बाहर निकाला गया, जिसकी सांस चल रही है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों में पचरुखिया कंचनपुर की रहने वाली आशिया पत्नी मजहर अंसारी और रामपुर अवस्थी गांव की रहने वाली आशिया खातून पत्नी महमूद, सकीना पत्नी सहाबुददीन के अलावा पचरुखिया गांव के रहने वाले टिंकू अंसारी, जीशान पुत्र अजीजुद्दीन शामिल हैं।

वही पहली घटना प्रयागराज के फाफामऊ गंगा घाट पर स्नान कर रहे तीन बच्चे डूबने लगे, जिसे देखकर आरएए फ के जवान ने अपनी जान पर बाजी लगाकर गंगा में छलांग लगा दी। लेकिन तीनों को नहीं बचा पाया और खुद भी गंगा में डूब गया ।डूबने के बाद इलाके में कोहराम मच गया। गोताखोर व जल पुलिस की मदद से 3 शव को बाहर निकाल लिया गया है, चौथे शव को काफी तलाश के बाद निकाला गया। बता दें कि उमेश कुमार 45 वर्ष पुत्र द्वारिका यादव निवासी लखीसराय बिहार 101 आरएएफ कैंप शांतिपुरम् में तैनात थे। वह परिवार के साथ यही रहते थे। बुधवार सुबह उमेश अपने बेटे विवेक राज 11 वर्ष और दीपशिखा 8 वर्ष और अपने साथ ही अभय सिंह के बेटे अभिनव 9 वर्ष को लेकर फाफामऊ घाट पर नहाने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि स्नान के दौरान ही तीनों बच्चे गंगा की तेज बहाव में आ गए और डूबने लगे। जिन्हें देखकर जवान गंगा में कूदकर उन्हें बचाने लगा। लेकिन काफी मशक्कत के बाद खुद भी नहीं बच सका और ना ही बच्चों को बचा सका। जानकारी पर पहुंची पुलिस व गोताखोरों ने 3 शव को बाहर निकाल लिया है। पीड़ित परिवार का रो– रो कर बुरा हाल है।

## चंदवक क्षेत्र में लगातार अज्ञात शव मिलने से दहशत का माहौल



**पेड़ से लटकता मिला अज्ञात युवक का शव, पुलिस पहचान करने में जुटी**

प्रखर चंदवक जौनपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के खुज्झी मार्ग के कछवन मोड पर एक अज्ञात युवक का शव बुद्धवार की सुबह पेड़ से लटकता मिला घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पहचान करने में जुट गई। स्थानीय लोगो के अनुसार आते जाते राहगीरों की नजर पेड़ से लटकती युवक के शव पर पड़ी देखते ही देखते घटना आग की तरह क्षेत्र में फैल गई लोगो की भीड़ घटना स्थल पर इकठ्ठा हो गई भीड़ से किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाने लाकर पहचान करने में जुट गई मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है।खबर लिखे जाने तक अज्ञात शव की पहचान नहीं हो पाई थी।

**प्रखार पूर्वांचल फालोअप,,,,,,,,,,,,,,,,**

चंदवक क्षेत्र अंतर्गत लगभग एक माह से मिल रही अज्ञात शवों से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हैं बता दे कि अकेले गोमती पुल पर तीन शव मिले जिसमे एक युवक का शव पुल के रस्सी के सहारे लटकता मिला तो दूसरा एचडीएफसी संविदा कर्मी की गोली लगने से मृत्यु हुई थी जिसका शव पुल के नीचे मिला था व तीसरा अज्ञात शव गोमती नदी में तैरता मिला व चौथा शव लेवरुआ गांव में मिला तो पांचवा शव अइलिया पुलिया के नीचे मिला और छठवां शव कछवन मोड़ पर पेड़ से लटकता युवक का शव मिला साथ ही पतरही क्षेत्र अंतर्गत कोपा नहर के पास खेत में अज्ञात बाइक अधजली अवस्था में मिली थी। बहरहाल अज्ञात शवों में चार शव की पहचान कर ली गई थी।बाकी दो शवों की पहचान नही हो सकी है।क्षेत्र में मिल रही शव हत्या है या फिर आत्महत्या है इसकी पुष्टि चंदवक पुलिस अब तक नही कर सकी है क्षेत्र में अज्ञात शवों के मिलने से चर्चाओं का बाजार गर्म है लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े कर रहे है।

## भदोही जिलाधिकारी ने विश्व रक्तदान दिवस पर किया रक्तदान




**जिलाधिकारी की अपील आप स्वस्थ हैं तो छह माह में एकबार करें रक्तदान**

प्रखार भदोही। भदोही जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बुधवार को विश्व रक्तदान दिवस पर जिला अस्पताल स्थित ब्लडबैंक पहुंचकर रक्तदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपके रक्त की एक–एक बूँद दूसरे को जीवन दे सकती है। अगर आप स्वस्थ और निरोगी हैं तो रक्तदान करें। दूसरे की जिंदगी बचाना सबसे पुण्य का कार्य है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने रक्तदान के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 14 जून को दुनिया भर में विश्व रक्तदान दिवस मनाया जाता है। जनपद में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं की तरफ से यह आयोजन किया गया। आपकी रक्त की एक बूंद दूसरे के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अगर आप पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं तो छह महींने में एक बार रक्तदान दे सकते हैं। रक्तदान करने से आपके शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। स्वस्थ लोग भी रक्तदान से डरते हैं जबकि ऐसी कोई बात नहीं है। आप खुले मन से रक्तदान कर सकते हैं। आपकी तरफ से किया गया रक्तदान देश के काम आता है। आपका रक्त जहां बीमार लोगों की जिंदगी बचाता है वहीं आपदा और युद्ध जैसी स्थितियों में पीड़ित लोगों के लिए जीवनदान साबित होता है। इसलिए आपको रक्तदान करना चाहिए, यह आपकी सामाजिक जिम्मेदारी भी बनती है। आप खुद रक्तदान करें और लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें। विश्व रक्तदान दिवस पर जनपद में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में 42 लोगों ने अपना रक्तदान किया। जिसमें आम आदमी और कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल हैं। जिलाधिकारी राठी ने बताया कि हम इस कार्यक्रम को साल भर आयोजित करना चाह रहे हैं। इसके लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। अगर कोई भी व्यक्ति रक्तदान करना चाहता है तो वह जिला अस्पताल स्थित ब्लडबैंक पहुंचकर रक्तदान कर सकता है। इसके लिए आपको आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा यी जाएंगी। आप निश्चित रूप से यहां पहुंचकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी बिना किसी डर के निभा सकते हैं। युवाओं को इसके लिए आगे आना चाहिए।

## नमकीन फैक्ट्री में लगी भीषण आग



**फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने पाया आग पर काबू**

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के लहरतारा बौलिया स्थित नमकीन फैक्ट्री में मंगलवार की देर शाम को अचानक आग लग गई। आग लगने के वक्त मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे,मजदूरों ने भागकर अपनी जान बचाई। आसपास के लोगो ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार लहरतारा बौलिया क्षेत्र में राहुल गैस वाली गली में तारकनाथ जायसवाल की नमकीन की फैक्ट्री है। जिसमे मंगलवार की देर शाम को फैक्ट्री का ब्रायलर अचानक तेज आवाज के साथ फट गया जिसके चलते फैक्ट्री में आग लग गई। धमाके की आवाज सुनते ही स्थानीय लोगों में अफरातफरी मच गयी। लोगो ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर फैंटम दस्ते के कॉन्स्टेबल मनीष और अविनाश ने पहुँचकर क्षेत्र की बिजली कटवाते हुए फायर ब्रिगेड को सूचना दिया। भेलूपुर से आई फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के समय फैक्ट्री में काम चल रहा था।लेकिन सभी मजदूर भाग गए।तारकनाथ जायसवाल इस समय रिश्तेदार की शादी में कोलकाता में गए हुए है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आनन्द सिंह राजपूत ने बताया कि आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। आग से हुई क्षति के बारे में मालिक के शहर के बाहर होने के कारण कोई नही बता पा रहा है। इस अग्निकांड से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है क्योंकि यह फैक्ट्री रिहायशी क्षेत्र व सकरी गली में है। लोगो ने बताया कि फैक्ट्री हटाने के लिए कई बार प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

## 7 वर्षीय नाबालिक बच्ची के साथ बलात्कार का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**नाबालिग के पिता के तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया था मुकदमा आरोपी चल रहा था फरार**

प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के रोशनहर ग्राम सभा के जामुन के बगीचे में नाबालिक बिने गई थी जामुन घात लगाए जामुन के बगीचे में बैठा था आरोपी। नाबालिक जैसे ही जामुन बिनने गई उसको बहला–फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने लगा नाबालिक रोती बिलखती रही लेकिन दुष्कर्मी नहीं माना और उसने नाबालिक के साथ दुष्कर्म कर लिया । नाबालिक रोती बिलखती अपने घर पहुंची और आप बीती अपनी मां को बताई तभी गुस्से में लाल पिता निवासी रोशन हर ने अहरौरा थाने पर आकर तहरीर देकर नामजद मुकदमा दर्ज कराया था मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी फरार चल रहा था तभी मुखबिर की सूचना के आधार पर अहरौरा थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह एसआई मोती सिंह को सूचना मिली कि आरोपी सोनबरसा पुलिया के पास एक दुकान के समीप खड़ा है अरोरा पुलिस हरकत में आकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़कर थाने ले आई आरोपी सुनील सोनकर पुत्र बचाव लाल निवासी जसवा को जो कि शादी शुदा है उसको पकड़ के थाने ले आई और विधिक कार्यवाही करते हुए विभिन्न धाराओं 354 ,504 ,506 ,7 ६ 8 पास्को एक्ट ,376 ए बी, व 5उध्6,पास्को एक्ट के तहत मुकदमा कायम कर जेल भेज दिया।

## टेंपो और बोलेरो की टक्कर में एक अधेड़ की मौत, दो बच्चों सहित छह लोग घायल



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सैदपुर तहसील के खानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरखपुर वाराणसी फोरलेन पर सिघौना गांव के पास एक टेंपो और बोलेरो में आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें टेंपो चालक की मौत हो गई तथा टेंपो में बैठे चालक के 2 बच्चों और एक रिश्तेदार सहित बोलेरो में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद आसपास के लोगों द्वारा सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार वाराणसी के सारनाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत सलारपुर निवासी लाल जी चौधरी पुत्र रहमत चौधरी अपने दो बच्चों आशीष उम्र 8 साल और आदित्य उम्र 7 साल के साथ अपने टेंपो चालक छोटेलाल उम्र 50 पुत्र होरीलाल रतनपुरा पड़ाव, के साथ बलिया जिले के रसड़ा थाना क्षेत्र नगरा स्थित रिश्तेदार की शादी से लौट रहे थे। अभी वह खानपुर थाना क्षेत्र के सिघौना गांव के पास पहुंचे थे, वही सामने वाराणसी की ओर से आ रही बोलेरो ने उनके टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें टेंपो में सवार लोगों सहित बोलेरो में सवार आजमगढ़ के टोडरपुर रासेपुर गांव निवासी सौरभ उम्र 17 वर्ष पुत्र शिव शंकर यादव, निशा उम्र 45 वर्ष पत्नी महेंद्र यादव और जयप्रकाश यादव उम्र 18 वर्ष पुत्र बदामा यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस से तत्काल सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ने लाल जी चौधरी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना में गंभीर रूप से घायल बोलेरो सवार जयप्रकाश, सौरभ और निशा का प्राथमिक उपचार कर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया।

## जौनपुर के पुलिस लाइन में कार्यरत सफाई कर्मी संदिग्ध परिस्थितियों में हुआ लापता

प्रखर जौनपुर । शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के बदलापुर पड़ाव स्थित तारापुर तकिया का रहने वाला असलम उर्फ मुन्ना विगत 1 वर्षों से पुलिस लाइन में आउटसोर्सिंग पर सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत था। असलम उर्फ मुन्ना के भाई अमीन पुत्र हबीब ने बताया कि दिनांक 12 जून को उनका भाई साइकिल लेकर घर से ड्यूटी के लिए सुबह निकला था लेकिन शाम तक वह वापस नहीं लौटा तो वह लोग परेशान हुए उसके मोबाइल पर फोन मिलाया तो वह स्विच ऑफ बताने लगा बाद में जाकर पुलिस लाइन पता किया तो पता चला कि वह वहां पर आज ड्यूटी करने नहीं आया है। परिजन किसी अनहोनी के डर से भयभीत है।

# जन–गण का जनमन से संवाद है प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम

इस ऋचा में संकल्प है कि 'हम सब एक साथ चलें, एक साथ बोलें, हमारे मन समान हों'। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ऋग्वेद का यह घोष नए भारत के नवनिर्माण के रूप में आकार ले रहा है। देश के विकास और निर्माण के संकल्प को प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम से जन–जन तक पहुंचाया है। आज अद्‌भुत, अनूठा और ऐतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम की 100वीं कड़ी में वे पूरे देश से संवाद करेंगे। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है कि देश के इतिहास में पहली बार किसी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रेडियो पर शुरू की गई जन संवाद की श्रृंखला देश–दुनिया तक पहुंच गई है। प्रधानमंत्री जी को इस विशेष उपलब्धि के लिए बहुत–बहुत बधाई और शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात करने का मुख्य उद्देश्य है ष्आओ हम सब मिलकर देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं। हर कोई एक कदम चले, यदि आप एक कदम चलते हैं तो देश 131 करोड़ कदम चलता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश और प्रदेश बदल रहा है। वे एक गौरवशाली, वैभवशाली, शक्तिशाली, संपन्न और समृद्ध भारत के निर्माण की दिशा में अग्रसर हैं। मन की बात का यह शतकीय अवसर देशभर में उत्सव की तरह मनाया जा रहा है। मध्य प्रदेश में इसके लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। प्रदेश के सभी 66 हजार बूथ, वार्डों और सभी पंचायतों में इस ऐतिहासिक संवाद को सुनने की व्यवस्था की गई है। हमने राजभवन में विशेष आयोजन कर प्रदेश के उन होनहार और प्रतिभाशाली लोगों को भी आमंत्रित किया है, जिनके संघर्ष, नवाचारों और प्रयासों के बारे में प्रधानमंत्री जी ने देश की जनता को बताया है। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में मध्य प्रदेश का कई बार उल्लेख किया है। प्रदेश में हो रहे नवाचारों और जन–जागरूकता अभियान के अलावा प्रदेश की जनता द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों की उन्होंने सराहना की और इससे जुड़े लोगों को प्रोत्साहित किया है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि 3 अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री ने रेडियो पर मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत की थी। इस कार्यक्रम ने भारत की समृद्ध संस्कृति तथा परंपरा में सामान्य जन की रुचि को पुनर्जीवित किया और आधारभूत स्तर पर लोगों को विशेष पहचान दी है। यह एक असाधारण पहल है, जो हमें अपनी जड़ों की ओर वापस ले जाने के लिए प्रेरित करती है। प्रधानमंत्री मोदी देशवासियों के दिल में बसते हैं। उनके मन की बात देशवासी सुनते भी हैं और आत्मसात भी करते हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट (आइआइएम) के एक सर्वेक्षण में पाया गया कि प्रधानमंत्री जी का लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात 100 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच चुका है। लगभग 96 प्रतिशत से अधिक जनता इससे परिचित है। यह 22 भारतीय भाषाओं, 29 बोलियों, अंग्रेजी के साथ 11 विदेशी भाषाओं में प्रसारित होता है, जिनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तो, फारसी, दारी और स्वाहिली शामिल है। इस कार्यक्रम की पहुंच विश्व स्तर पर है। मन की बात कार्यक्रम जनचेतना और बदलाव का सबसे बड़ा उदाहरण है। जब भी देश पर कोई संकट आया, तब प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम से देशवासियों का मार्गदर्शन किया और संकट को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कोरोना से बचाव, शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार, नवाचार, खेल, महिला सशक्तीकरण, किसान कल्याण, जनजातीय विकास, पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन आदि के लिए हम सभी को प्रेरित किया है। मुझे याद आता है, प्रधानमंत्री ने इसके पहले एपिसोड में कहा था कि मेरे देश की ताकत गरीब की झोपड़ी में, गांव में, माताओं, बहनों, नौजवानों और किसानों में है। मन की बात कार्यक्रम न सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी के मन की अभिव्यक्ति है बल्कि यह लोगों की अपेक्षाओं की भी अभिव्यक्ति बन गया है। पूरे महीने लोग इसमें सुझाव देते हैं। आम जनता के सुझावों का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री जी इस पर चिंतन–मनन के उपरांत देशवासियों तक पहुंचाते हैं। यह एक उभयपक्षीय कार्यक्रम है।

# मोदी राज में सत्ता संपत्ति का केंद्रीकरण, साजिसों अफवाहों का विकेंद्रीकरण–ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भाकपा–माले जिला कमेटी की दो दिवसीय बैठक तुलसी सागर लंका स्थित जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले केन्द्रीय कमेटी सदस्य कामरेड ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि मोदी शासन में सत्ता– संपत्ति का केंद्रीकरण हुआ है और दूसरी ओर साजिशों – अफवाहों का विकेंद्रीकरण हुआ है। मोदी सरकार अंग्रेजों के नक्शे कदम पर चल रही है। आने वाला चुनाव देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मुगालते में नहीं रहना है कि यह चुनाव 2024 में ही होगा। मोदी सरकार इसे इसी साल के अंत मे ही करा सकती है। यही सोचकर हमें चुनाव की तैयारी में पूरी मुस्तैदी से उतर जाना है। भाजपा को केवल चुनावों में नहीं बल्कि पूरे साहस के साथ उसकी नफरत की राजनीति को खारिज करना है। कुशवाहा ने आगे कहा कि मोदी एक राजा की तरह शासन चलाना चाहते हैं। भारत में आज जो कुछ हो रहा है यही तो हिन्दू राष्ट्र है। दलितों, मुसलमानों, महिलाओं और अपने अधिकार की लड़ाई लड़ने वालों पर हमले हो रहे हैं। जिस दिन संसद के नए भवन का उद्‌घाटन हो रहा था, उसी समय दिल्ली मे महिला पहलवानों पर लाठियां बरसाई जा रही थी। यौन शोषण का आरोपी बृज भूषण शरण सिंह खुलेआम रैलियां कर रहा है। गुजरात का उच्च न्यायालय मनुस्मृति की दुहाई दे रहा है। अम्बेडकर की मूर्तियां गिराई जा रही है। संविधान को रौंदा जा रहा है। इसके खिलाफ हमें एक व्यापक एकता बनानी होगी। गरीबों के लिए लोकतंत्र जरूरी है तभी वे जी पाएंगे। भाकपा माले जिला सचिव कामरेड शशीकांत कुशवाहा ने कहा कि जिले में भाजपा हराओ देश बचाओ अभियान चलाकर भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों का भण्डाफोड़ किया जाएगा। जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था, गरीबों से बिजली बिल के नाम पर दमन के खिलाफ, थाना खानपुर में भाकपा माले कार्यकर्ताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमा वापस लेने आदि लोगों को लेकर तहसील मुख्यालयों व जिला मुख्यालय पर धरना एवं सभा किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से कामरेड ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा, शशिकांत कुशवाहा, योगेन्द्र भारती, सतेन्द्र प्रजापति, चन्द्रावती देवी, विजय कुमार, गोरख राजभर, रामप्रवेश कुशवाहा, नन्द किशोर बिंद, मंजू गोंड, कन्हैया बिंद, सुमित्रा देवी, गुलाब सिंह, बुच्चीलाल आदि लोगों ने सम्बोधित किया। बैठक की अध्यक्षता व संचालन शशिकांत कुशवाहा ने किया।

# शेयर का बाजार !

कृष्णेन्द्र राय



धूम है मचाया देखो ।
शेयर का बाजार ।।
हुए निवेशक मालामाल ।
जो उनका अधिकार ।।
ले ली करवट मार्केट ।
है ग्लोबल ये माया ?
या घरेलू स्थिति ने ।
ताकत है दिखाया ।।
आए लोग मुनाफे में ।
ना फिर भी बिकवाली ।।
है लगता तैयारी ।
करने की दीवाली ।।
हो चाहे अब कुछ भी ।
पर ये लेकिन तय ।।
चल रही जो रैली ।
बना रहेगा लय ।।

# 15 जून को होगी बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा, जिले में बनाए गए 26 केंद्र



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2023–25 मैं प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराने की तैयारियों में गाजीपुर प्रशासन जुट चुका है। प्रवेश परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं शुचिता पूर्वक संपन्न कराए जाने को लेकर जिला अधिकारी आर्यका अखौरी ने सभी अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। जिलाधिकारी ने समस्त केंद्र व्यवस्थापको निर्देशित किया है कि 15 जून को बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा जनपद के 26 केंद्रों पर कराई जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, प्रश्न पत्रों के रखरखाव, पेयजल तथा शौचालय आदि व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि परीक्षा के दौरान कहीं से कोई भी कमी न रहे। व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सभी परीक्षा केंद्रों में कुल 11250 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा कार्यक्रम दो पालीयों में प्रथम पाली प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली में 2 बजे से 5 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए जिला अधिकारी ने 26 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 14 केंद्र प्रतिनिधि तथा 52 पर्यवेक्षक बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रश्न पत्र एवं ओएमआर शीट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में ही खोले जाएंगे। परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर परिधि के अंदर कोई दुकान खुली नहीं होनी चाहिए। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षार्थियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन से की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं पर्यवेक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मोदी सरकार की सैन्य और सुरक्षा नीतियों के चलते देश की सीमाएं सुरक्षित हैं– विशाल सिंह चंचल



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर।आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीजेपी के महासम्पर्क अभियान के तहत गाजीपुर के सैदपुर पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में बीजेपी एमएलसी विशाल सिंह चँचल ने प्रेस वार्ता की। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चँचल ने मोदी सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल में हासिल उपलब्धियों को पत्रकारों के साथ साझा किया। इस दौरान उन्होंने कहाकि 9 वर्षों में मोदी सरकार ने समाज के सभी वर्गों और देश के सभी क्षेत्रो के विकास के लिए सौ से ज्यादा योजनाओं के जरिये अभूतपूर्व काम किया। एमएलसी विशाल सिंह चँचल ने केंद्र सरकार की तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहाकि मोदी सरकार की सैन्य नीतियों और सुरक्षा नीतियों के चलते आज देश की सीमाएं जहां पूरी तरह सुरक्षित हैं,वहीं आतंकवाद जैसी समस्या का पूरी तरह सफाया हो चुका है।उन्होंने कहाकि आज देश और देश के नागरिक पूरी तरह सुरक्षित हैं।उन्होंने कहाकि केंद्र सरकार की योजना के दम पर आज करोड़ों परिवारों के पास शौचालय और पक्के आवास उपलब्ध हैं।एमएलसी विशाल सिंह चँचल ने कहाकि पूरे देश मे यातायात को सुगम बनाने के लिये मोदी सरकार ने तमाम हाइवे,एक्सप्रेस वे और सड़क मार्गों का जहां निर्माण किया,वही पिछले 9 वर्षों में हवाई यात्रा के लिए एयर कनेक्टविटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया गया है।उन्होंने कहाकि जनता की मूलभूत जरूरतों के मद्देनजर मिडी सरकार ने पेयजल व्यवस्था के लिए हर घर जल योजना लागू की,तो गांव तक अब एलईडी लाइटों से चमक रहे हैं।उन्होंने कहाकि किसानों के लिए सम्मान निधि की व्यवस्था हो या तकनीकी कृषि मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र को उन्नत बनाने और किसानों के विकास के लिए कोई कोर कसर नही छोड़ी।एमएलसी विशाल सिंह चँचल ने इस दौरान मोदी सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल में गाजीपुर में हुए विकास कार्यो को भी गिनाया।उन्होंने इस दौरान जिले में अंतिम चरण में निर्माणाधीन रेलवे कम रोड ब्रिज,मेडिकल कालेज,पूर्वांचल एक्सोर्स वे,वाराणसी गोरखपुर फोरलेन का उल्लेख किया।

# दिलदारनगर में हुआ भाजपा का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा जमानियां का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आज दिलदारनगर पंचायत हाल में जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह कि अध्यक्षता में हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा विगत 9 वर्षो में देश और समाज के मजबूती के लिए लगातार काम किया जा रहा है । उन्होंने कहा आजादी के 65–70 वर्षो मे जो कार्य देश में नहीं हुआ वो कार्य विगत नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है।समाज के हर व्यक्ति को संतुष्ट और संतृप्त करने कि मजबूत इच्छा शक्ति और नेक नियति भाजपा को आज दुनिया कि सबसे बड़ी पार्टी बनने का अगर अवसर प्रदान किया है तो उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विगत 9 वर्षो का विशेष योगदान है। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि देश और देश के कमजोर से कमजोर व्यक्ति के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक उम्मीद की किरण है जिनके नेतृत्व में देश लगातार श्री ऊंचाई पर अग्रसर है। पुर्व विधायक सुनीता सिंह ने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है, लोगों में राजनीति के प्रति भरोसा और विश्वास बढ़ा है। महिलाओं कि आर्थिक स्थित मजबूत हुई है, स्वच्छता और स्वास्थ्य को लेकर सरकार ने हर क्षेत्र में काम किया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरुआत हुई है ।सम्मेलन में उपस्थित अतिथियों के प्रति धन्यवाद आभार नगर पंचायत अध्यक्ष अविनाश जायसवाल ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो महामंत्री विवेकानंद राय ने किया। इसके अलावा जमानिया विधानसभा की टिफिन बैठक जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुनीता सिंह के उपस्थिति में हुई। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपने अपने घरों से बने अलग–अलग तरह के व्यंजनों से भरे टिफिन को मिल बांटकर खाया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल पर चर्चा करते हुए ।आपसी सामंजस्य के साथ संगठन के कार्य को कैसे प्रभावी ढंग से किया जा सके उस पर भी अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रो शोभ नाथ यादव,जिला महामंत्री ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह, बीके त्रिवेदी, अच्छे लाल गुप्ता, राजेश राजभर, विश्व प्रकाश अकेला, विनोद खरवार, शैलेश राम, गुलाम कादिर राइनी, विष्णु प्रताप सिंह,हरदेव कुशवाहा, दिनेश प्रधान, मंडल अध्यक्ष अवधेश सिंह, सुनील सिंह,अनिल यादव, पंकज राय, अविनाश सिंह, मानवेंद्र सिंह, जितेंद्र उपाध्याय, मयंक जायसवाल,माया सिंह तथा रविंदर यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने फीता काटकर आइडियल वूमेन संस्था के नए ब्रांच का किया शुभारंभ



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। आइडियल वूमेन वेलफेयर सोसायटी संस्था भुल्लनपुर के एक नए शाखा का उद्‌घाटन बछाव बाजार में हुआ जिसकी संरक्षिका पारुल सिंह है जो ग्रामीण महिलाओं को अनेक प्रकार के हुनर और शिक्षा प्रदान करेंगी। इसकी शुरुआत ग्रामीण बेटियो के मेंहदी प्रतियोगिता से हुई। जिसमे प्रथम सपना बिंद, द्वितीय नीतू गुप्ता और तृतीय करीना रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या और विशिष्ट अतिथि संस्था सचिव बीना सिंह रही। पारुल सिंह ने बताया कि अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी उन्होंने नौकरी न करके ग्रामीण महिलाओं के विकास की तरफ ध्यान दिया


क्योंकि वह समाज में बदलाव लाने की इच्छा रखती है। उनके इस मुहिम में उनकी सास आशा सिंह और देवरानी कंचन सिंह का पूरा सहयोग रहा है। कार्यक्रम में गांव की जागरूक महिलाओं को सम्मानित किया गया। बीना सिंह ने ग्रामीणों को तमाम तरह की योजनाएं और बेटियो के आगे बढ़ने की बाते बताई साथ ही नए शाखा के शुभारंभ की बधाई भी दी। इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह,संस्था सचिव बीना सिंह,पहाड़ी गांव शाखा की संचालिका पारुल श्रीवास्तव, चंदौली शाखा की संचालिका प्रीति मौर्या उपस्थित रही।

# बकरीद के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक, सभी धर्म गुरु रहे उपस्थित



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बुधवार को क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा रविन्द्र कुमार वर्मा ने थाना शादियाबाद पर बकरीद के दृष्टिगत सभी धर्मों के धर्म गुरुओं तथा सम्मानितजनो की शांति समिति की गोष्ठी का आयोजन किया । गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित जानवरो की कुर्बानी किसी हालत में नही की जाएगी तथा कुर्बानी खुले स्थान पर नही की जाएगी गाइडलाइन जारी करते हुए बताया कि जिस स्थान पर कुर्बानी की जाए वहाँ पर एक गड्ढा पहले से खोद लिया जाए, जिससे निकलने बाला रक्त गड्ढे में एकत्र हो सके , रक्त को घर की नाली आदि में न बहाये ,कुर्बानी निकलने बाले अपशिष्टों को गहरा गड्ढा खोद कर गाड़ दिया जाए । कुर्बानी से प्राप्त गोस्त का परिवहन ढक कर किया जाएगा। बकरीद की नमाज सड़क व मार्ग पर नही पढ़ी जाएगी साथ ही लाउडस्पीकर की आवाज निर्धारित डेसिबल में रखी जायेगी । क्षेत्राधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया कि बकरीद से दो दिवस पूर्व सुअर पालको को पने सुअर बाडो में बंद रखने के सम्बंध में नोटिस दे दी जाए । उपस्थितजनों की ओर से कोई समस्या नही बताई गई और त्योहार भाईचारे के साथ सकुशल मनाए जाने के सम्बंध में आस्वस्त किया । गोष्ठी में प्रभारी निरीक्षक महेश पाल सिंह, उप निरीक्षकगण तथा सभी धर्मों के धर्म गुरु एवम सम्मानितजन उपस्थित रहे ।

# केवी 39 जीटीसी में G 20, NEP20 व FLN पर आधारित जनभागीदारी कार्यक्रम का हुआ समापन



प्रखार वाराणसी। जनभागीदारी कार्यकम के अंतर्गत बुधवार को केंद्रीय विद्यालय वाराणसी कैंट में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता के महत्त्व विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संचालन एम हसन, कार्यक्रम समन्वयक द्वारा सभी के स्वागत एवं अभिनंदन से आरंभ हुआ। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैरिस्टर पाण्डेय, प्राचार्य,केंद्रीय विद्यालय वाराणसी कैंट ने 15 दिनों के विविध क्रियाकलापों की सराहना करते हुए इसे वास्तविक जनभागीदारी बताया। जनपद वाराणसी के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ अरविंद पाठक , केंद्रीय विद्यालय संगठन वाराणसी संभाग के उपायुक्त, डॉ अजय कुमार मिश्र, सम्मानित प्राचार्यगण, शिक्षाविदों, संभ्रात नागरिकों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की रूचि एवं सहभागिता की भूरी–भूरी प्रशंसा व्यक्त किया और सभी का आभार व्यक्त किया।

मुख्य वक्ता जयप्रकाश शर्मा, प्रधानाध्यापक, ने इस विषय पर अपना विस्तृत विचार प्रस्तुत किया। विजय सिंह ने छात्रों के मूल्यांकन पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी एवं अभिषेक कुमार राय ने निपुण लक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए इस संगोष्ठी को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# 15 दिवसीय अभियान के तहत हुआ मिशन शक्ति का आयोजन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर ।पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के द्वारा बालिकाओं, महिलाओं की सुरक्षा व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं के जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देशन में महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में मिशन शक्ति, महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत थानो पर गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड व थाने पर नियुक्त महिला बीट आरक्षी द्वारा थाना क्षेत्र के बीट, गांव स्कूल, कॉलेज, पंचाय भवन में बालिकाओं, महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा है । इसी क्रम में मंगलवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत डीलिया के पंचायत सचिवालय भवन पर पुलिस अधीक्षक महोदय गाजीपुर द्वारा गांव की बच्चियों तथा महिलाओं को महिला सशक्तीकरण, मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया। तथा बच्चियों एवं महिलाओं को उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया, बच्चियों एवं महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे– 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा , 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद थें ।

# डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन मंगलवार को श्याम होटल के सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें सर्व सम्मत से अध्यक्ष ओंकार नाथ पांडे , मंत्री रमेश चंद्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष बुद्धि लाल निर्विरोध निर्वाचित हुए। मुख्य अतिथि डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संदीप बडोला, प्रांतीय महामंत्री मंच पर उपस्थित रहे। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन अधिवेशन में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव, कार्यकारी मंत्री आलोक राय, संगठन मंत्री अभय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, उपस्थित रहे नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के पद एवम गोपनीयता की शपथ प्रांतीय अध्यक्ष संदीप बडोला द्वारा दिलाई गई। अधिवेशन में संतोष कुमार,विपिन सिंह ,मोहम्मद इमरान, रंजन प्रजापति,शरद श्रीवास्तव, अंजनी कुमार, शाहिद, राजीव श्रीवास्तव, अवधेश,अनिल, मनीष कुमार गुप्ता, अरविंद, देवेंद्र सिंह, राघवेंद्र, दीपक कुमार,आदि लोग मौजूद रहे अध्यक्षता दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव संचालन ओंकार नाथ पांडे ने किया।

# सूबे में वकीलों के इलाज के लिए मिलेगा 25 हजार की मदद– पांचू राम



**कलेक्ट्रेट बार में लाइब्रेरी के लिए पांच लाख दिलाने की घोषणा**

प्रखर जौनपुर। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन पांचू राम मौर्य ने कहा कि कलेक्ट्रेट बार संघ जौनपुर में लाइब्रेरी के लिए पांच लाख रुपये दिलाने का प्रयास किया जाएगा। जिससे यहां अधिवक्ता साथियों के अध्ययन के लिए अच्छी–अच्छी किताबें उपलब्ध हो सके। वह मंगलवार की शाम कलेक्ट्रेट बार संघ सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि विभिन्न रोगों से पीड़ित और आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे अधिवक्ता साथियों के प्रति बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश खासा संजीदा है। गंभीर रोगों से पीड़ित ऐसे सभी अधिवक्ताओं के इलाज के लिए 25 हजार की मदद तत्काल दिलाई जाएगी। उनकी जरूरत के अनुरूप और अधिक पैसे की मदद के लिए संबंधित जिलों से प्रस्ताव बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश को भेजा जाएगा तो उसकी पैरवी शासन स्तर पर त्वरित गति से की जाएगी। इस दौरान उपस्थित बार संघ के अध्यक्ष मनोज मिश्र, महामंत्री लाल बहादुर यादव, श्रीराज एडवोकेट, पूर्व महामंत्री आनंद मिश्र, छोटेलाल मौर्य, लालजी मौर्य, पलटू राम, वीरेंद्र सिंह अन्य ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इसके पहले पांचू राम मौर्य ने कलेक्ट्रेट बार संघ की लाइब्रेरी का निरीक्षण किया।

उधर दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता बरसातू राम सरोज ने अपने चेंबर में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन पांचू राम मौर्य का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर सुरेंद्र प्रजापति, राज कुमार सरोज, संतोष प्रजापति , ललित यादव, समरजीत मौर्य, अंगद मौर्य, लव–कुश मौर्य, धर्मराज मौर्य, हंसराज चौधरी अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चेयरमैन पांचू राम मौर्य का खेतासराय कस्बे में भव्य स्वागत किया गया। कस्बा के जेडी कन्वेंट स्कूल में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में श्री मौर्य को, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम और बुके दे कर विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती गीता मौर्य, डॉ चंद्रजीत मौर्य द्वारा किया गया। अपने संबोधन में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री मौर्य ने कहा कि इस परिवार और विद्यालय शिक्षण संस्थान से मेरा बहुत पुराना संबंध है । इस शिक्षण संस्थान को प्रगति के रास्ते पर ले चलने के लिए मेरा आशीर्वाद हमेशा बना रहेगा। इस मौके पर बीजेपी नेता आचार्य कृष्ण मुरारी मौर्य, शिवाजी मौर्य, इंद्रजीत सिंह मौर्य, कार्तिकेय मौर्य, सार्थक मौर्य, राकेश राजभर अन्य मौजूद रहे।

# पिंडरा ब्लाक पर 46 जोड़े की हुई शादी



प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा ब्लॉक पर बुधवार को 46 जोड़ो का विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सम्पन्न हुआ।

बड़े पंडाल में विधि विधान पूर्वक नवविवाहित जोड़े की मंडप में शादी हुई। समारोह को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविशंकर सिंह ने कहाकि हर गरीब का घर विकास की किरण से उजाला हो इसके लिए सरकार हर योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। इस दौरान सरकार द्वारा स्वीकृत उपहार के साथ प्रमाण पत्र दिया गया। 46 जोड़े में एक मुस्लिम जोड़े का निकाह हुआ। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र विश्वकर्मा, रविशंकर सिंह, सुरेंद्र सिंह, बृजेश पांडेय, उमेश सिंह, सुधीर सिंह समेत अनेक लोग रहे।


# NEET–2023 मे सृजन ने पायी सफलता




प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। क्षेत्र के पं मदनमोहन मालवीय इण्टर कालेज सिखडी के छात्र रहे सृजन राय ने छम्म्ज–2023 मे ।स्स् प्छक्। ळम्छ–ै मे 4836 रैंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। गौरतलब हो कि नीट परीक्षा देश की सबसे बड़ी और कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। जिसके एंट्रेंस परीक्षा के माध्यम से देश के विभिन्न मेडिकल कालेजों में प्रवेश संभव होता है। इस बार की 20 लाख से अधिक उम्मीदवारों वाली नीट यूजी प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सृजन राय ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद तथा अपनी कठिन मेहनत को देते हुए बताया कि कामयाबी की मंजिल तभी हासिल हो सकती है जब कार्य के प्रति लगन और मेहनत की कमी आड़े नहीं आएगी। क्योंकि कड़ी मेहनत और लगनशीलता ही सफलता की कुंजी है। विदित है कि सृजन राय पं मदनमोहन मालवीय इण्टर कालेज सिखड़ी गाजीपुर के अध्यापक सम्पूर्णानन्द राय के भत्तीजे हैं।जो मूल रूप से आजमगढ के रहने वाले हैं । सृजन पढ़ाई मे शुरू से ही रुचि रखने एवं मृदुल व्यवहार के धनी रहे हैं। जिन्होंने ने इण्टरमीडिएट की परीक्षा आनर्स के साथ उत्तीर्ण की थी। सृजन की इस सफलता पर विद्यालय परिवार ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनायें दी है।

# जफराबाद फिल्म स्टोरी में दिखेगा जफराबाद का इतिहास

## प्राख्यात गायक कैलाश खेर व सोमा घोष ने दिया है गानों में स्वर







मोहम्मद अरशद

प्रखर जौनपुर । भारत के सांस्कृतिक विभाजन को लेकर कश्मीर फाइल और द केरल स्टोरी के बाद अब जफराबाद स्टोरी फिल्म बन रही है। ज्ञानवापी विश्वेश्वर को समर्पित तकरीबन डेढ़ घंटे की यह ड्रामा डॉक्यूमेंट्री काशी के रक्षक दुर्ग रहे जफराबाद के मनहेच किले और जफराबाद नगर के पुराने इतिहास को प्रस्तुत करने के साथ हिंदू समाज के उस व्यापक संघर्ष को भी प्रस्तुत कर रही है जो जफराबाद और मनहेच किले ने आक्रमणकारी सेनाओं के खिलाफ खड़ा किया। मनहेच किला पूर्वांचल के वीरों का शौर्य केंद्र था और पश्चिमोत्तर सीमा पार से होने वाले हमलों से लड़ने के लिए सदियों सदियों से वज्र की तरह लड़ने वाले योद्धा यहीं से जाते थे । सन 1321 में जफराबाद को जफर शाह तुगलक और सन 1359 में जौनपुर को फिरोजशाह तुगलक ने पूरी तरह ध्वस्त किया । यहां हिंदू या बौद्ध संस्कृति का कोई भी अवशेष नहीं छोड़ा गया। मंदिरों, महलों और धर्म स्थलों को तोड़कर उन्हीं के पत्थरों से इस्लामी इमारतें तामीर कराई गयीं। जिनकी देव मूर्तियां तोड़ी गयीं उन्हीं से मजदूरी या बेगार करा कर मस्जिदें, मदरसे, दरगाह और खानकाह बनवाए गए। जफराबाद का मनहेच किला तो इतना बड़ा था कि वहां से निकाले गए पत्थरों से जौनपुर और आसपास के इलाकों में 8 बड़े स्थापत्य बनाए गए। मनहेच किले के चारों ओर जल की चौड़ी खाई थी जिससे इस किले को जीतना आसान नहीं था इस खाई के कुछ अंश आज भी मौजूद हैं। मखदूम संतों के धर्म प्रचार का सहारा लेकर सन 1321 में जफर शाह तुगलक ने मनहेच को जीता। यहां जफर शाह तुगलक की कब्र बनी हुई है। हार हुई लेकिन प्रतिरोध रुका नहीं । काशी की रक्षक सेनाएं शक्तेशगढ़, मिर्जापुर या रोहतास इलाके में फैल कर काशी विश्वेश्वर की रक्षा करती रहीं । जफराबाद स्टोरी इन घटनाओं को सिलसिलेवार दर्ज कर रही है। यह फिल्म जन अभियान के रूप में बनाई जा रही है और उत्तर प्रदेश सरकार और पुरातत्व विभाग से इस किले के संरक्षण और इसके जीर्णोद्धार की मांग की जा रही है । इस मांग के समर्थन में मैनुअल और ऑनलाइन दोनों तरीके से हस्ताक्षर अभियान भी चलाए जा रहे हैं । मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ को एक लाख से अधिक लोगों के दस्तखत से यह मांग पत्र जल्द ही सौंपा जाएगा। फिल्म का यह भी सुझाव है कि जफराबाद का नाम बदलकर उसका पुराना नाम मनहेच बहाल किया जाए। यह फिल्म मुंबई की सामाजिक संस्था पूर्वांचल विकास प्रतिष्ठान द्वारा बनाई जा रही है। इसकी संकल्पना पत्रकार ओमप्रकाश की है जिसे इंडियन इंस्टिटट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन के स्नातक आनंद प्रकाश सिंह निर्देशित कर रहे हैं । फिल्म को संगीत काशी के जाने–माने संगीतज्ञ सुभाष कनौजिया दे रहे हैं। गीतों को डॉ शोमा घोष और कैलाश खेर जैसे जाने–माने गायक स्वर दे रहे हैं। स्थानीय सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए फिल्म को जौनपुर के समाजसेवी नीरज सिंह और जौनपुर जफराबाद के कई अन्य जाने–माने व्यक्तित्व प्रस्तुत कर रहे हैं। कोशिश है कि पूरा जफराबाद और जौनपुर इस फिल्म को प्रस्तुत करे। फिल्म के निर्माण में शिक्षाविद डॉक्टर दौलत सिंह पालीवाल, पत्रकार विश्वनाथ गोकर्ण, समाजसेवी डॉ मुकुल त्रिपाठी, पत्रकार अतुल बिसेन, विकास सिंह, राम जनक सिंह, डॉ अशोक त्रिपाठी, डॉ गोपाल मिश्र सहित तकरीबन दो दर्जन से ज्यादा पत्रकार, साहित्यकार और प्राध्यापकों का विशेष योगदान है। फिल्म में राजनीति और समाज के कई विशेषज्ञों के बाइट्स भी शामिल किए गए हैं। घटनाओं के चित्रण के लिए फौजदार सिंह, मारकंडेय सिंह, राम अलम सिंह, अवनीश तिवारी और डॉक्टर बृजेश यदुवंशी जैसे जाने–माने स्थानीय कलाकारों का सहयोग लिया गया है। 30 मई 2023 से 9 जून 2023 तक जफराबाद में की गई शूटिंग में फिल्म निर्माण का लगभग 65 फीसदी हिस्सा पूरा हो चुका है। 30 जून 2023 से 4 जुलाई 2023 तक जफराबाद में फिल्म की शूटिंग का बाकी काम पूरा किया जाएगा। फिल्म सितंबर 2023 में बनकर तैयार हो जाएगी। पूर्वांचल विकास प्रतिष्ठान के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश ने एक बयान में कहा है कि सितंबर अक्टूबर में जौनपुर के पुराने इतिहास को लेकर जौनपुर एक खोज फिल्म की भी शूटिंग की जाएगी। डॉक्टर बृजेश यदुवंशी और इतिहास और समाज के कई अन्य जानकारों के साथ मिलकर इस फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार की जा रही है। जफराबाद ने हिंदू , बौद्ध और इस्लाम तीनों संस्कृतियों के कई उतार और चढ़ाव देखे हैं। यह चित्र मनहेच किले के पास के एक बौद्ध स्तूप का जिसे कब्जा करने के उद्देश्य अभी हाल में ही उसके भीतर तीन कब्रें बना दी गई हैं। किले की जमीन पर भीषण अतिक्रमण हो रहा है जिसे तुरंत रोके जाने की जरूरत है। आल्हा सम्राट श्री फौजदार सिंह गहड़वाल वंश के अंतिम शासक साकेत सिंह के रोल में मारकंडेय सिंह राजा हरिश्चंद्र के रोल में चिरागे हिन्द दरगाह के बारे में बताते हुए हाफिज जी।

# वेल्डिंग करते वक्त पानी टंकी में लगी आग

प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में पानी और पूर्ति हेतु बनाई जा रही टंकी मैं मजदूरों द्वारा कार्य किया जा रहा था पानी सप्लाई हेतु पाइपलाइन में वेल्डिंग का कार्य चल रहा था जिसमें बांस बल्ली के सहारे मजदूर वेल्डिंग का कार्य कर रहे थे जिसमें वेल्डिंग करने के दौरान वेल्डिंग की चिंगारी छटक जाने से बांस बल्ली में बंधी रस्सी में वेल्डिंग का चिंगारी लग गया जिसके कारण बांस बल्ली में भी आग पकड़ लिया और आसपास के लगे पेड़–पौधों आम के पेड़ में भी आग पकड़ लिया।

सूचना के मुताबिक हर घर जल नल योजना के अधिकारी गण भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने बताया कि आज अकारण लग गई है मजदूर कार्य कर रहे थे सभी लोग सब कुशल हैं किसी व्यक्ति विशेष को कोई नुकसान नहीं है। अहरौरा थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह ने बताया कि फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दे दी गई है।

# अनमोल जीवन को बचाने के लिए करें रक्तदान: प्रो. निर्मला एस. मौर्य

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कौशल विकास केंद्र में बुधवार को विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदाताओं की जांच की गई इसके बाद उनका रक्त संग्रह किया गया। शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने किया। उन्होंने रक्तदाताओं को बुके, फल और प्रमाणपत्र देकर उनका मनोबल बढ़ाया। यह कार्यक्रम ड्रग एडिक्शन एंड रिहैविटेशन सेंटर, व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग, मेडिकल कालेज एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। राजभवन ने 100 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा था। विश्वविद्यालय के शिक्षक, छात्र और कर्मचारियों ने लक्ष्य पार करके 111 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मौर्य ने कहा कि जीवन अनमोल है। जीवन बचाने के लिए हम सभी को रक्तदान करना चाहिए। यह बहुत नेक कार्य है। किसी व्यक्ति को रक्त देकर जान बचाने वाला भी डाक्टर के बराबर ही सम्मान का हकदार है। उन्होंने कहा कि आप सभी रक्तदान करके मरीज और डाक्टर दोनों की मदद कर सकते हैं। अतिथियों का स्वागत डा. विनय वर्मा और धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस समन्वयक डा. राजबहादुर यादव ने किया।

# रक्तदान कर जान बचाएं, साथ ही स्वास्थ्य लाभ भी पाएं– मानव रक्त फॉउंडेशन



**जी 20 के छाव में काशी ने दिया रक्तदान का संदेशद् संदीप चौधरी मुख्य चिकित्सा अधिकारी**

प्रखर वाराणसी। वर्ल्ड ब्लड डोनर डे के अवसर पे हुआ कुल 22 यूनिट रक्तदान द्य मानव रक्त फॉउंडेशन की अगुआई में नवनिर्मित बनारस चौरिटेबल ब्लड सेंटर, सिगरा के इनडोर कैंपस में हुआ रक्तदान। सर्वोत्तम दान रक्तदान को बढ़ावा देने हेतु वैश्विक स्तर पे हर साल 14 जून को वर्ल्ड ब्लड डोनर डे मनाया जाता है ध्यातव्य है कि मानव रक्त फॉउंडेशन सालों से रक्तदान जनजागरूकता के क्षेत्र में काम कर रहा है। इसी क्रम में 14 जून के मुबारक मौके पर भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में रक्त बैंक सहयोगी के रूप में बनारस चौरिटेबल ब्लड सेंटर, सिगरा की भागीदारी रही द्य अन्य सहयोगियों में शामिल रहे गंगोश्री हॉस्पिटल, गुरुधामय जेपी हॉस्पिटल, ककरमत्ता,विश्व ज्योति जनसंचार मंच, रेड क्लिफ्ट कार्यक्रम में गणमान्य अतिथि की भूमिका में शामिल हुए ।आदरणीय संदीप चौधरी मुख्य चिकित्साधिकारी, वाराणसीय कर्नल संदीप शर्मा,आयुर्वेद विभाग सहायक प्रोफेसर रश्मि गुप्ता बीएचयू, रेड एफएम 93.5 शशांक मिश्रा, सहायक प्रोफेसर उर्दू विभाग डॉ एहसान हसन,लोक समिति मास्टर नंदलाल, मौजूद रहे। रक्तदान शिविर की शुरुआत सीएमओ सर ने रक्तवीर हिमांशु चक्रवर्ती की ब्लीडिंग कराकर की कई ऊर्जावान युवा न केवल मौजूद रहे बल्कि रक्तदान भी किया कुल 30 लोगों की काउंसलिंग हुई जिनमे से 22 की डोनेशन के योग्य पाए गए। मानव रक्त फॉउंडेशन के संस्थापक अधिवक्ता अबु हासिम ने सबका धन्यवाद करते हुए एकबार फिर अपने संकल्प को दोहराया, जबतक रक्तदान खानदानी शान न बन जाए,तब तक रुकना नही है द्य हाजी इस्तियाक, डॉक्टर एम. जे. अकबर,शबुद्दीन, जिशान कलाम, सूर्या मिश्रा,अतुल जय,अब्दुल्लाह खालिद,अबू हासिम आदि लोग मौजूद रहे स्वयं सेवकों– सूरज पांडे, दिग्विजय जैकी, पंकज पटेल(इनकी बिटिया निशिथा सिंह का जन्मदिन भी है आज, इस उपलक्ष्य में इन्होंने और इनके साथियों ने 10 यूनिट रक्तदान करा), ज्ञान गुप्ता, दिव्यांश, अजीत भरद्वाज, पवन शर्मा, आदर्श, मनीष कुमार और अन्य साथियों को विशेष धन्यवाद जिन्होंने न केवल आयोजन में मंद की बल्कि रक्तदान भी किया। संस्थान व ब्लड बैंक की तरफ से अतिथियों और रक्तवीरों को अंगवस्र, पेन, सर्टिफिकेट और जलपान देकर सम्मानित किया गया।

# जनहित के बदे खून का हौ जान देवई का पड़ी त ओहू देब– राजेश परदेशी



प्रखर भदोही। पूर्वांचल के चर्चित भोजपुरी गायक राजेश परदेशी ने बुधवार को विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि जनहित के बदे खून का हौ जान देवई का पड़ी त ओहू देब। यानी जनहित के लिए खून तो क्या जरूरत पड़ी तो जान भी देंगे। किसी जरूरत मंद का कल्याण होगा तो तो सफल होगा मेरा रक्तदान। जिला अस्पताल में लगाए गए शिविर में लोक गायक राजेश परदेशी ने रक्तदान के बाद कहा कि भोजपुरी गायक ने कहा कि रक्तदान महान काम है। परदेशी जल संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित यातायात नियमों को लेकर भी अपने के गीतों के माध्यम से लोगों को जागरूक करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के बाद अब रक्तदान के लिए लोगो को जागरूक करुंगा।

# शंकर चिकित्सालय का हुआ उद्घाटन



प्रखर वाराणसी। महाकालेश्वर मंदिर पावर हाउस रोड आवास विकास कालोनी दौलतपुर रोड पांडेपुर मे शंकर चिकित्सालय का उद्घाटन राम प्रकाश दुबे जी तथा अन्य लोगो की उपस्थिति में संपन्न हुआ। डॉ उषा गुप्ता आयुर्वेदाचार्य सेवानिवृत्त चिकित्सा अधिकारी उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि मेरे पितामह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवम पूर्व विधायक स्वर्गीय पब्बरराम गुप्त जी का स्वप्न आज साकार हो रहा है, श्रीमती डॉक्टर गुप्ता ने बताया कि आज भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग आयुर्वेद पद्धति को छोड़कर रोगों से बचाव हेतु एलोपैथ दवाइयों का इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे उनके शरीर में अन्य बीमारियां उत्पन्न हो रहीं हैं। शंकर चिकित्सालय में अत्याधुनिक आयुर्वेदिक पद्धतियों से रोगियों का इलाज होगा। इस मौके पर डॉक्टर अंकिता गुप्ता, डॉ प्रियंका गुप्ता,डॉ इंदु गुप्ता, प्रोफेसर डॉक्टर कविता गुप्ता, जयदेव कुमार गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश चंद गुप्ता, माधव पांडे, अमन, प्रेमशंकर, एवं सौरव गुप्ता जी सहित अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहे ।

# शरद मिश्रा नीट यू जी मेडिकल परीक्षा टॉप कर किया जनपद का नाम रोशन



प्रखर चुनार मिर्जापुर। तहसील क्षेत्र के गौरा गांव निवासी शरद मिश्रा जो कि जिला पंचायत सदस्य पंकज उपाध्याय के भांजे हैं जिनकी प्राथमिक शिक्षा सेंट एग्नेस पब्लिक स्कूल महुली अहरौरा , हाईस्कूल हैप्पी होम पब्लिक स्कूल खजूरी वाराणसी, इण्टर तुलसी विद्या निकेतन नगवां लंका से उतीर्ण होने के बाद स्काई ट्यूटोरियल तथा इवाल कैरियर इंस्टीट्यूट में लगातार कठिन परिश्रम के बाद नीट यू जी मेडिकल परीक्षा में 720 में 650 अंक पाकर जहाँ अपने माता पिता परिवार का नाम रोशन किये वहीं कोचिंग इंस्टीट्यूट में खुशियों का माहौल बना हुआ है।लोग लगातार फोन पर तथा मिलकर बधाईयां दे रहे हैं। शरद के मामा जिला पंचायत सदस्य पंकज उपाध्याय ने बताया कि शरद शुरू से ही लगन व परिश्रमी थे। और जो हम लोगों का सपना था उसको पूरा किये । परमेश्वर को धन्यवाद देते हुए सभी परिवार तथा मित्रगण मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं। खुशियों मनाने में अनिल मिश्रा, डॉ0 प्रहलाद गुप्ता, डॉ0 रंजना वर्मा, डॉ0 अनिल त्रिपाठी अमित उपाध्याय , नीरज उपाध्याय सभी लोगों ने बधाई दिया।

# मोदी जी के नेतृत्व मे 9 साल मे भारत बना विश्व का अग्रणी राष्ट्र

**भाजपा द्वारा आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोले विधायक मड़िहान**

प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। 5 ट्रिलियन डॉलर एकोनामी के साथ आज भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर उभरा हैं, साथ ही आज विश्व मंच पर भारत की कूटनीति की डंका बज रही है, यह बातें मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल द्वारा भाजपा द्वारा चलाए जा रहे महासंपर्क अभियान के तहत भाजपा मंडल कार्यालय अहरौरा पर आयोजित प्रेस वार्ता में कही, विधायक ने कहा कि मोदी जी के सशक्त नेतृत्व का ही देन रहा कि कोविड जैसी भयंकर वैश्विक महामारी के दौर मे भी देश के विकास की गति नहीं थमी, जबकि शेष विश्व आज भी कोविड के मार का दंश झेल रहा है, विधायक ने कहा कि जहा मोदी जी के नेतृत्व मे देश आगे बढ रहा है वही योगी जी के नेतृत्व मे आज उत्तर प्रदेश भी विकास और कानून व्यवस्था की एक नयी गाथा लिख रहा है, बताया कि आज समूचे विश्व से यूपी मे निवेश का जो माहौल बना है वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व से ही संभव हो पाया है अन्यथा इससे पूर्व यूपी की पहचान दंगो और माफियाओं से की जाती थी,प्रेस वार्ता मे पत्रकारो के सवाल का जबाब देते हुए मड़िहान विधायक ने कहा कि अपने 6 साल के कार्यकाल मे मड़िहान विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 1500 करोड़ का अनुदान मेरे द्वारा लाया गया जो आज मड़िहान के विकास की एक नयी तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है,प्रेस कांफ्रेंस में जिला उपाध्यक्ष अमित पांडेय मंडल अध्यक्ष अहरौरा महेंद्र अग्रहरि मंडल अध्यक्ष सक्तेशगढ़ राजबहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष अदलहाट बैजनाथ प्रजापति, जयकिशन जायसवाल संतोष प्रधान, माखन सिंह प्रेम केशरी संदीप पटेल मनीष मिश्रा विरेन्द्र कुमार आदि कार्यकर्ता रहे।

# ब्रह्म बाबा को अराजक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में भारी आक्रोश



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गहमर थाना क्षेत्र के सेवराई में ब्रह्म बाबा के स्थान पर अराजक तत्वों ने ब्रह्मपिंड को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। घटना के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देते हुए आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कार्रवाई करने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार सेवराइ गांव के दमादपुरवा मोहल्ले में स्थित ब्रह्म स्थान को गत रात अराजक तत्वों द्वारा ब्रह्मपिण्ड को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे स्थानीय लोगों में जबरदस्त आक्रोश है ग्रामीणों ने पुलिस से मामले में त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। इस मामले में गहमर कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि मामला संज्ञान में है। लेकिन अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने आज भारत माता मंदिर पर किया है योग



प्रखर वाराणसी। 21 जून विश्व योग के उपलक्ष में आज भारत माता मंदिर पर 95 बटालियन के कमांडेंट अनिल कुमार बृक्ष की अध्यक्षता मे सुबह 6.00 बजे 7.00 बजे तक योग कार्यक्रम कराया गया जिसमें 95 बटालियन के ऑफिसर जवान एवं आम जनमानस ने भाग लिया इसका मुख्य उद्देश्य है ऑफिसर,जवान,एवं आम जनमानस को जागरूक करना तथा शारीरिक रूप और मानसिक रूप से स्वस्थ रखना । इस कार्यक्रम के योग गुरू मनीष पांडे, श्रेया सिंह थी । इस अवसर पर योग गुरुओ द्वारा प्राणायाम करने के लिए बताया गया जिसमें प्रमुख तौर रकपालभाति,अनुलोम–विलोम भ्रामरी,ओम् व्यायाम आदि कराए गए।कमांडेंट 95 बटालियन द्वारा प्राणायाम व्यायाम के फायदे ऑफिसर व जवानों को बताया। कार्यक्रम के अन्त में अनिल कुमार बृक्ष कमांडेंट 95 बटालियन ने वहां पर उपस्थित आम जनमानस व ऑफिसर, जवानों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धान्यवाद ज्ञापन किये ।इस अवसर पर सहायक कमांडेंट अभिषेक कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, हनुमान सिंह, सौरभ श्रीवास्तव टर्मिनल मैनेजर बाबतपुर एयरपोर्ट, भारत माता मंदिर के राजू सिंह पंकज सिंह बागेश्वरी पाठी लोचन सिंह देवेंद्र मोर आदर्श सिंह 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ प्रवीण सिंह,राजीव वर्मा एव तमाम जवानों ने बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शोभा आम जनमानस ने बढ़ाया।

# मकान मालिक की दबंगई पीड़ित महिला के न रहने पर रूम का ताला तोड़कर समान निकाल कर फेंका बाहर एफआईआर दर्ज



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रदेश सरकार एक तरफ महिला सुरक्षा की बात करती है तो वही पर पीड़ित महिला के साथ हो रहा है अन्याय वाराणसी पीएम का संसदीय क्षेत्र होने के बावजूद चितईपुर पुलिस नहीं सुनी रही महिला की फरियाद जिसका खामियाजा महिला को तीन दिनों से ही गलियों में रात गुजारना पड़ा। चितईपुर थाना अंतर्गत विश्वकर्मा नगर कॉलोनी में एक महिला ने किराए पर फ्लैट लिया था जिसका एग्रीमेंट मकान मालिक द्वारा एक साल का किया गया था महिला ने अक्टूबर 2022 में फ्लैट लिया था। और मकान मालिक लगातार महिला से किसी न किसी तरह से लगातार कुछ न कुछ पैसे लेता था और महिला ने बताया कि मकान मालिक द्वारा हमसे करीब चार लाख रुपए बैंक ट्रांजैक्शन व नगद के द्वारा लिया लिया गया और मकान मालिक द्वारा मकान खाली करने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था । लेकिन पीड़ित महिला ने मकान मालिक से कहा कि मैं साल भर का एग्रीमेंट की हूं तो हम कैसे खाली करें और मकान मालिक महिला को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा और जब मैं अपने रूम पर नहीं रहती थी तभी मकान मालिक आता था और लगातार कुछ न कुछ मकान में करता था और वहां पर सीसीटीवी कैमरे लगाए थे जहां हमारे रूम का खिड़की हो या दरवाजा हो वहां पर मकान मालिक द्वारा सीसीटीवी कैमरा मकान के फ्रंट गेट पर नहीं लगाया गया था जो भी कैमरा लगा था वह सब केवल हमारे रूम और दरवाजे के लिए लगाया गया था जो कि मुझे मकान मालिक की हरकते सही नहीं लगता था जिसकी शिकायत हमने मकान मालिक के घरवालों से किया और हमने मकान मालिक के घरवालों से कहा मैं किराया आपको दूंगी तभी इस बात से गुस्साए मकान मालिक ने मेरा सभी समान हमारे न रहने पर रूम के दरवाजे के ताले को तोड़कर हमारे सभी सामान को हमारे रूम से निकालकर गलियों में फेंक दिया गया जब इसकी शिकायत हमने चितईपुर थाने पर दो दिनों से किया हुआ था लेकिन चितईपुर थाने की पुलिस द्वारा मेरी शिकायत नहीं सुनी गई और पुलिस द्वारा मुझे लगातार दबाव बनाया जा रहा था कि तुम रूम को खाली कर दो। जब हम वाराणसी पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन से इसकी शिकायत की तो कमिश्नर के आदेश पर कार्रवाई करते हुए चितईपुर थाने में पुलिस एफआईआर दर्ज किया गया।

# 13 मोतियाबिंद सहित 125 मरीजों का किया गया नि:शुल्क नेत्र परीक्षण



प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा में सद्गुरु सेवा संघ संस्था द्वारा बुधवार को आयोजित निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 125 लोगों का नि शुल्क नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 13 मोतियाबिंद के मरीज थे। नेत्र परीक्षण शिविर का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्षा ओमप्रकाश केसरी ने किया इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि सद्गुरु सेवा संघ द्वारा आयोजित इस नेत्र परीक्षण से अहरौरा नगर सहित क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलेगा नगर पालिका अध्यक्ष ने मरीजों एवं संस्था को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया । इस अवसर पर चिकित्सालय के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पानी और बिजली की समस्या को रखा और कहा कि चिकित्सालय में पानी एवं बिजली की समस्या होने से मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है इस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया । नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि मेरा प्रयास होगा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगा । शिविर में काउंसलर सुशील मिश्र, फिजिशियन दया राव, विपिन द्विवेदी , सहित सभासद इरशाद आलम,मो सलीम, आशीष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# स्मार्ट सिटी से नही स्मार्ट गांव बनाने से भारत विश्वगुरु बन सकता है– शशिप्रताप सिंह

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। नेशनल पार्टी रासपा की राष्ट्रीय कमेटी की बैठक शिवपुर भरलाई कार्यालय पर हुई। संयोजक शशिप्रताप सिंह ने कहा कि भारत विश्वगुरु तभी बन सकता जब भारत के किसानों को खुशहाल किसान बनाया जाएगा किसानों को बदहाली से बाहर करना होगा गांव– गांव में कुटीर उद्योग लगेगा किसानो को भी स्मार्ट बनाया जाएगा हर हाथ को काम मिलेगा जीरो प्रतिशत ब्याज पर लोन मिलेगा। चकाचोंध की दुनिया दिखाकर लोगो को भर्मित किया जा सकता है भारत को विश्वगुरु नही बनाया जा सकता द्य बैठक में मुख्य रूप से वंदना सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मंच, राजकुमार गुप्ता राष्ट्रीय सलाहकार, दिनेश सिंह पटेल, प्रकाश जायसवाल, जयनाथ यादव, नेहरू राजभर सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं